## खास-खबरें

### तक्षशिला स्कूल में संविधान दिवस और गौर जयंती पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, खुरई:** तक्षशिला हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को संविधान दिवस और बुंदेलखंड के गौरव डॉ. हरिसिंह गौर की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ली। विद्यालय के प्राचार्य रामनाथ विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संविधान निर्माण की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा डॉ. हरिसिंह गौर के जीवन संघर्ष और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी। स्कूल संचालक संजय दुबे ने विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों और डॉ. गौर के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नीलेश मोघे, लखनलाल पाल, जयंती पांडे, सृष्टि राजपूत, विवेक असाटी, प्यारेलाल कुशवाह, दीपक नामदेव, रानी कुशवाहा, निकिता विश्वकर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### विद्यालय में हुए विविध आयोजन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, नर्मदापुरम :** 77वें संविधान दिवस पर गुरुवार को समेरिटन्स विद्यालय के सांदीपनि परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय की प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में कक्षा 12वीं की छात्रा पर्ल रघुवंशी ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और संविधान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक संजय लायल ने विद्यार्थियों को संविधान की आवश्यकता, उसकी मूल भावना और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उसके महत्व के बारे में जानकारी दी। आयोजन में शिक्षिका दीपा राजपूत, रश्मि दुबे, किरन राज एवं सोमा राय चौधरी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### विश्व दिव्यांग दिवस पर मूक-बधिर बच्चों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बड़वाह:** मां ओम नर्मदा मूक-बधिर एवं दृष्टिबाधित निशुल्क आवासीय विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस एवं संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बीआरसी मेवाराम बर्मन, सामाजिक न्याय विभाग के नोडल अधिकारी कमलेश बिरला, स्रोत सलाहकार आलोक चंद्रवंशी एवं संस्था अध्यक्ष सुशीला कुचेकर ने सरस्वती पूजन कर किया। कार्यक्रम में दृष्टिबाधित छात्र ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए नींबू दौड़, 50 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, रंगोली, चित्रकला, गोला फेंक एवं तवा फेंक जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग के नोडल अधिकारी कमलेश बिरला ने संस्था के स्टाफ एवं विद्यार्थियों को संविधान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम संस्था संचालक संजय कदम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

### हादसे के बाद प्रशासन हरकत में, पंधाना रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवा:** पंधाना रोड पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत के बाद पुलिस और प्रशासन ने सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को पुलिस और प्रशासन की टीम हादसे वाली जगह पहुंची और मार्ग पर अव्यवस्थित दुकानों तथा अन्य अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि सड़क किनारे दुकानें और ठेले लगाए जाने से यातायात प्रभावित होता है। इससे मार्ग पर आवागमन में परेशानी के साथ दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। हाल ही में हुए हादसे के बाद प्रशासन ने सड़क को व्यवस्थित करने और यातायात सुचारू बनाने के लिए कार्रवाई शुरू की है।

# संविधान केवल दस्तावेज नहीं, देश की एकता का आधार : सांसद उइके





**नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूल:** संविधान ने पूरे भारत को एकता के सूत्र में पिरोया है। यह केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक समरसता, समानता और नागरिक अधिकारों का आधार है। यह बात केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके ने संविधान गौरव दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में आयोजित संगोष्ठी में कही।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए उइके ने संविधान की मूल भावना और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान के सम्मान, गौरव और उसकी भावना को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। संविधान प्रत्येक नागरिक को न्याय, समान अधिकार और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। संविधान गौरव दिवस हमें इसके मूल्यों को जीवन में अपनाने और अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है।

प्रदेश प्रवक्ता एवं आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि आजादी के समय देश भाषा, जाति और क्षेत्रवाद जैसी चुनौतियों से जूझ रहा था। संविधान ने नागरिकों को समानता, अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराया। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान और बाबा साहब के सम्मान को लेकर निशाना साधते हुए आपातकाल का उल्लेख किया।

घोड़ाडोंगरी विधायक गंगा उइके ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कमलेश सिंह ने किया, जबकि आभार अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष किशोर बरदे ने व्यक्त किया। इस अवसर पर संविधान की गौरवगाथा पर आधारित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई। संगोष्ठी में भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिन में ग्राहक बनकर पौधों की पहचान करता, रात में चोरी करता था; डेढ़ साल से नर्सरी को बना रहा था निशाना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, छतरपुर:** जिला भाजपा कार्यालय के सामने स्थित द ग्रेट नर्सरी से महंगे पौधे चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। नर्सरी संचालक ने पेड़ पर कैमरा लगवाकर निगरानी शुरू की थी। कैमरे की लाइव निगरानी के दौरान संदिग्ध की गतिविधियां सामने आने के बाद उसे पकड़ लिया गया। आरोपित की पहचान अरविंद तिवारी के रूप में हुई है। बताया गया कि अरविंद का मूल निवास ग्राम लहर, थाना गढ़ीमलहरा क्षेत्र में है। वह फिलहाल सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड पर छोटी छुई खदान के पास रहता है।

**दिन में पौधों की जानकारी जुटाता था:** नर्सरी संचालक के अनुसार, आरोपित दिन में ग्राहक बनकर नर्सरी पहुंचता था और महंगे पौधों के दाम पूछने के बहाने उनकी पहचान करता था। आरोप है कि बाद में वह पौधों को चोरी कर ले जाता था। यह सिलसिला करीब डेढ़ साल से जारी था।

लगातार पौधे चोरी होने से परेशान संचालक ने नर्सरी में कैमरा लगवाया था। निगरानी के दौरान संदिग्ध की गतिविधियां कैमरे में सामने आईं, जिसके बाद उसे पकड़ लिया गया।

**पुलिस जांच में जुटी:** मामले की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। चोरी किए गए पौधों की संख्या और उनकी कीमत का अभी खुलासा नहीं हुआ है। कोतवाली टीआई सतीश सिंह ने बताया कि मामला और वीडियो संज्ञान में आया है।

### अरविंद बने जैन पत्रकार परिषद के खरगोन जिला संयोजक



**भीकनगांव।** परम पूज्य आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी महाराज के आशीर्वाद से जैन पत्रकार परिषद के वरिष्ठ प्रदेश संयोजक दीपक दुग्गड़ ने भीकनगांव के अरविंद जैन को खरगोन जिला संयोजक नियुक्त किया है। अरविंद जैन की नियुक्ति पर जैन पत्रकार परिषद के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों सहित लायंस क्लब भीकनगांव, जैन समाज के सदस्यों और स्थानीय पत्रकारों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## इटारसी में चीनी मांझे की चपेट में आने से दो बाइक सवार घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इटारसी:** नर्मदापुरम जिले के इटारसी में चीनी मांझे की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घटना गुरुवार शाम ओवरब्रिज के पास हुई। दोनों युवक पुरानी इटारसी से बाइक पर नर्मदापुरम जा रहे थे। घायलों को डायल 112 की टीम ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया।

बताया गया कि ओवरब्रिज के पास हवा में लटक रहा चीनी मांझा अचानक बाइक सवारों के सिर और चेहरे में उलझ गया। इससे पीयूष पटेल और जयकुमार यादव घायल हो गए।

घटना में पीयूष पटेल के सिर में छह टांके लगे, जबकि चेहरे पर भी चोट आई। वहीं जयकुमार यादव की आंख के पास चार और सिर में सात टांके लगाए गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया गया। जयकुमार यादव ने बताया कि इससे पहले भी वह चीनी मांझे की चपेट में आ चुके हैं। उस घटना



में उनकी गर्दन पर चोट लगी थी।

**प्रतिबंध के बावजूद इस्तेमाल जारी:** शहर में चीनी मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद इसका उपयोग जारी है। कुछ दिन पहले इटारसी थाने में पदस्थ आरक्षक अफजल खान भी चीनी मांझे से घायल हुए थे। उनके सिर और गर्दन के पास चोट आई थी।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने व्यस्त मार्गों पर चीनी मांझे के इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाने और इसकी बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 10 महिला वन्यजीव गाइडों का प्रशिक्षण शुरू

**नर्मदापुरम।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में महिला सशक्तीकरण और वन्यजीव पर्यटन में सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से सात दिवसीय महिला गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। लिखित परीक्षा के माध्यम से विस्थापित ग्रामों की 10 महिलाओं का चयन चुरना, मल्लूपुरा और कपिलधारा पर्यटन जोन के लिए किया गया है। प्रशिक्षण का शुभारंभ वन परिक्षेत्र चुरना के भीमकुंड पर्यटन द्वार स्थित तवा सभागार में वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन ने किया। कार्यक्रम 30 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में महिलाओं को वन्यजीवों, पक्षियों, तितलियों, वनस्पतियों की पहचान, जंगल सफारी संचालन, पर्यटकों से संवाद, प्राथमिक उपचार, आपातकालीन प्रबंधन और वन्यजीव संरक्षण संबंधी जानकारी दी जा रही है। चुरना और मल्लूपुरा पर्यटन जोन में फील्ड विजिट के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## ट्रैफिक सुधार के लिए 3 टोइंग वाहन खरीदे जाएंगे अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान:खंडेलवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बैतूल:** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, बाजारों को व्यवस्थित करने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए विधायक हेमंत खंडेलवाल ने अधिकारियों एवं व्यापारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में शहर के प्रमुख मार्गों, बाजारों और चौराहों पर यातायात सुधार, अतिक्रमण हटाने, पार्किंग व्यवस्था और हॉकर जोन विकसित करने को लेकर चर्चा हुई।

विधायक खंडेलवाल ने नगर में अव्यवस्थित रूप से संचालित फल-सब्जी के ठेलों को चिन्हित हॉकर जोन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन गंज कॉम्प्लेक्स में दुकानों का शीघ्र आवंटन कर पात्र दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट करने और उन्हें पहचान व आवंटन कार्ड उपलब्ध कराने को कहा।

**अतिक्रमण हटाने चलेगा अभियान:** शहर के प्रमुख मार्गों



और बाजारों में अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। दुकानदारों के लिए दुकान के सामने सामान रखने की सीमा तय करने और फुटपाथों को पैदल यात्रियों के लिए व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। प्रभावित लोगों के पुनर्वास एवं स्वरोजगार सहायता के लिए फाइनेंस कैंप आयोजित करने को भी कहा गया।

**नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर होगी कार्रवाई:** यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगरपालिका तीन टोइंग वाहन खरीदेगी, जिनका संचालन ट्रैफिक पुलिस के समन्वय से किया जाएगा। नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाने के लिए कार्रवाई होगी। सदर और रानीपुर रोड पर जाम की समस्या दूर करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय विद्यालय के सामने बाउंड्रीवाल निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने तथा रानीपुर रोड, कॉलेज चौक से हमलापुर चौक और गणेश चौक पर रंबल स्ट्रिप लगाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, आश्रय योजना के तहत मल्टी निर्माण और नवीन कॉम्प्लेक्स विकसित करने पर भी चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक अमित सक्सेना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## खंडवा में बनेगी विशेष सशस्त्र पुलिस बटालियन 1054 जवानों की होगी तैनाती

**नईदुनिया प्रतिनिधि, खंडवा:** निमाड़ क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए खंडवा में विशेष सशस्त्र बल (विसबल) की बटालियन स्थापित करने की तैयारी तेज हो गई है। करीब 305 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित बटालियन के लिए शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर ग्राम सुरगांव निपानी में 100 एकड़ शासकीय जमीन पुलिस विभाग को आवंटित की गई है। यहां 1054 जवानों की तैनाती प्रस्तावित है।

बटालियन की स्थापना को लेकर गुरुवार को पुलिस, राजस्व विभाग और मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड की संयुक्त टीम ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने जमीन की स्थिति, सीमांकन और निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया। 28 नवंबर को भोपाल और इंदौर से वरिष्ठ अधिकारी स्थल का अंतिम सर्वे करने पहुंचेंगे।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम ने



परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है। इसके अनुसार भवन और अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण पर 171 करोड़ 30 लाख रुपये से अधिक खर्च प्रस्तावित है। वेतन, वाहन, उपकरण, कार्यालयीन व्यवस्था और अन्य मदों को मिलाकर परियोजना की कुल अनुमानित लागत करीब 304 करोड़ 90 लाख रुपये आंकी गई है।

बटालियन के लिए विभिन्न श्रेणियों के 1054 पद प्रस्तावित हैं। इसके गठन से खंडवा सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र में अतिरिक्त सशस्त्र पुलिस बल उपलब्ध होगा। आपातकालीन परिस्थितियों, कानून-व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से निपटने में यह बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

निमाड़ में बटालियन स्थापित करने की घोषणा 27 जुलाई 2026 को की गई थी। अब जमीन आवंटन और निरीक्षण के साथ परियोजना आगे बढ़ रही है। निर्माण पूरा होने के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### सट्टे पर बड़वाह पुलिस का प्रहार, दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**बड़वाह।** टावरबैडी क्षेत्र में कल्याण नाइट का सट्टा खिलाने के आरोप में बड़वाह पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से सट्टा पर्चियां, मोबाइल और 1600 रुपये नकद जब्त किए गए हैं। मामले में एक अन्य आरोपित फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि टावरबैडी क्षेत्र में मुर्गी फार्म के पास सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अज्जू (62) और उसके बेटे गोलू उर्फ आयाज (32) को पकड़ा। तलाशी के दौरान अज्जू के पास से सट्टा पर्ची और 300 रुपये नकद मिले, जबकि गोलू के पास से चार सट्टा पर्चियां, 1300 रुपये नकद और मोबाइल जब्त किया गया। मोबाइल की जांच में वाट्सएप पर सट्टे के हिसाब-किताब और फोटो भी मिले। पूछताछ में सामने आया कि गोलू, शानू पिता हुसैन खान के लिए पांच प्रतिशत कमीशन पर सट्टा लिखने का काम करता था।

## खुरई में संविधान दिवस और डॉ. गौर की जयंती मनाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, खुरई:** शासकीय पं. केसी शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय खुरई में गुरुवार को प्रार्थना सभा के दौरान संविधान दिवस की 77वीं वर्षगांठ और डॉ. हरिसिंह गौर की 157वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया तथा संवैधानिक मूल्यों, लोकतंत्र और नागरिक कर्तव्यों पर विचार व्यक्त किए गए।

प्राचार्य रविकांत असाटी और उपप्राचार्य अशोक पाराशर ने विद्यार्थियों को संविधान के महत्व और अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय लोकतंत्र की आत्मा और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का आधार है। नोडल अधिकारी डॉ. विनोद राय ने विद्यार्थियों से संवैधानिक आदर्शों को अपने आचरण में अपनाने, सभी के प्रति सम्मान रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. हरिसिंह गौर के शिक्षा, समाज सुधार और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में एनपी तिवारी, नम्रता सोनी, स्वल्पना नायक, संगीता कौशिक, अनिल पटेल, उमाकांत शर्मा सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना था।

## स्कूलों की मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा, अतिक्रमण और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, बीना:** विकासखंड के शासकीय स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और विद्यालय भवनों की स्थिति की समीक्षा के लिए गुरुवार को शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। निर्मल ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में हुई बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति अध्यक्ष अमर प्रताप सिंह ठाकुर ने की। इसमें विकासखंड के शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य शामिल हुए।

बैठक में स्कूलों में अतिक्रमण, साफ-सफाई, बालिका शौचालयों की व्यवस्था और पेयजल संबंधी समस्याओं पर चर्चा कर सुधार के निर्देश दिए गए। बताया गया कि ग्राम पंचायतें 50 हजार रुपये तक के कार्य करा सकती हैं। विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्यों के लिए तकनीकी स्वीकृति (टीएस) जारी कराने पर भी चर्चा हुई।

बीआरसी महेंद्र जाट ने विभागीय योजनाओं और विद्यालयों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि ई-अटेंडेंस का लक्ष्य पूरा हो चुका है और



स्कूल निर्धारित समय पर संचालित हो रहे हैं। वहीं अपार आईडी निर्माण की धीमी प्रगति पर तेजी लाने के निर्देश दिए गए। 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड अपडेट कराने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत माता-पिता को खो चुके बच्चों को मिलने वाली आर्थिक सहायता एवं छात्रवृत्ति की जानकारी दी गई। यू-डाइस पोर्टल पर शत-प्रतिशत नामांकन, स्टूडेंट प्रोफाइल में सही जानकारी दर्ज करने, परीक्षाओं की तैयारी, शाला भवनों एवं कक्षों की मरम्मत और शौचालय निर्माण जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

**स्पेशल खबर** सत्ता की लालच में संविधान बचाने का ढोंग कर रहा विपक्ष: जिलाध्यक्ष ब्राह्मणे

## कांग्रेस के लिए संविधान एक किताब, भाजपा ग्रंथ के रूप में देती है सम्मान : पाटीदार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, खरगोन:** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को भाजपा कार्यालय में सविधान गौरव दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष एवं विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने कार्यकर्ताओं को पार्टी के सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि संविधान दिवस संगठन की आंतरिक समीक्षा और भविष्य की रणनीति तय करने का दिन है।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने कई बार संविधान की हत्या की है। आपातकाल लगाकर देश को बंधक बनाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। आज सत्ता की लालच में संविधान की किताब जेब में लेकर संविधान बचाने का ढोंग कर रहे है। भाजपा ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सम्मान में भारत रत्न दिया और



उनके कृतित्व क्षेत्र को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। उन्होंने कहा कि जिले में मन की बात कार्यक्रम को बढ़ावा देने में कार्यकर्ता पिछड़ रहे है। इसे बूथ एवं मंडल स्तर पर नियमित रुप से सुना जाए और जनता को इससे जोड़ा जाए। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष भागीरथ कुमरावत, जिला महामंत्री हरेसिंह चावड़ा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शीला पटेल, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष गणेश पटेल आदि मंचासीन थे। संचालन जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदा ने किया। आभार अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे ने माना।

**भाजपा के लिए ग्रंथ के समान संविधान:** विधायक श्री पाटीदार ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 100 से अधिक संविधान संशोधन करने वाली कांग्रेस संविधान बचाने की बात कर रही है। कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लिए संविधान एक किताब है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के लिए संविधान एक ग्रंथ के समापन है, जिसका पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी नतमस्तक होकर सम्मान करते है।

श्री पाटीदार ने भाजपा के संस्थापक सदस्यों के त्याग और समर्पण को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया और कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने आगामी चुनावों की तैयारियों के लिए भी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया।

इस दौरान जिला जिला कार्यालय मंत्री विजय पटेल, उपाध्यक्ष प्रभा राठौड़, जिला उपाध्यक्ष शंभूसिंह मनहर, जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, आईटी सेल जिला संयोजक शुभम जायसवाल, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूर्वा व्यास, गीतांजलि तिवारी, मनीषा महाजन, सुनीता जायसवाल, अजजा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी शैलेंद्र चौहान, दिलीप जोशी,कैलाश माली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।